संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 03 दिनांक 08/03/2021

# जीरो वेस्ट वार्ड बनाने में नागरिक दिखा रहे हैं रूचि

**- वार्ड 7, 8, 17 व 19 में जीरो वेस्ट का कार्य निरंतर जारी - सोमवार से वार्ड 3 व 18 में भी जीरो वेस्ट का कार्य प्रारंभ होगा - स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रतिदिन मिल रहा है रोजगार**

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है, वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इस संबंध में बैठक लेकर वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने हेतु 6 मार्च शनिवार को किए गए कार्यों की जानकारी नियुक्त स्वास्थ्य अधिकारी, इंजीनियर, झोन प्रभारी, पर्यवेक्षक, वार्ड दरोगा, ड्रायवर व आईईसी टीम के सदस्यों से लेकर निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाये। साथ ही नागरिकों को भी इस कार्य में जोड़े, ताकि पूरे रतलाम शहर को जीरो वेस्ट रतलाम बनाकर स्वच्छता के क्षेत्र में रतलाम को नम्बर 1 बनाया जा सके।

वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता व नागरिकों के उत्साह को देखते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया ने जीरो वेस्ट वार्ड में 2 वार्ड ओर शामिल किये जिसके तहत वार्ड 3 व 18 में 08 मार्च सोमवार से कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें वार्ड के 100 प्रतिशत घरो से गीले व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाएगा व स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा वार्ड में ही एक स्थान पर छटनी की जाकर कबाड़ी को विक्रय किया जाएगा, जिससे स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को काम मिलने के साथ दोनो वार्ड जीरो वेस्ट होकर स्वच्छ व सुन्दर बनेंगे।

बैठक में बताया गया कि जीरो वेस्ट वार्डों में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर के पहुंची वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने घर-घर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किए गए सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर कबाड़ी को तौलकर विक्रय किया गया।

बैठक में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने का कार्य 100 प्रतिशत सफल रहा। वार्डों के प्रत्येक घरों से गीले एवं सूखे कचरे को दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा पृथक-पृथक लिया गया, जिसमें नागरिकों ने उत्साह से सहयोग किया। सूखे कचरे से 6 मार्च को वार्ड क्रमांक 7 में 548, वार्ड क्रमांक 8 में 644, वार्ड क्रमांक 17 में 120 व वार्ड क्रमांक 19 में 680 रुपए स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्राप्त हुए।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, निगम सचिव जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, बी.एल. पावरे, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, अनील पारा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, दरोगा आदि उपस्थित रहे।

प्रसारण -8

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 05 दिनांक 08/03/2021

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल में होगा मुख्य समारोह

# सीएम आज स्व-सहायता समूहों को देंगे 200 करोड़ का ऋण



**भोपाल, (प्रसं)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार, 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को लगभग 200 करोड़ रुपए बैंक ऋण वितरित करेंगे।

राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस मुख्य समारोह में लगभग 6,000 से अधिक स्व-सहायता समूह सदस्य महिलाएं भाग लेंगी। प्रदेश के समस्त जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर समूह सदस्य कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा इससे पहले भी वर्चुअल कार्यक्रमों में तीन बार सामूहिक ऋण वितरण स्व-सहायता समूहों को किया जा चुका है। कार्यक्रम में श्री चौहान कुछ जिलों के समूह सदस्यों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सीधा संवाद भी करेंगे। समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कोरोना काल में ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए लॉकडाउन के समय से लगातार वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

इस मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन परिवारों की महिला सदस्यों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। आमतौर पर देखने में आता है कि ग्रामीण क्षेत्र में लोग बैंकिंग सेवाओं की प्रक्रियाओं में दस्तावेजीकरण व अन्य औपचारिकताओं की कठिनाई के कारण पात्र होने के बावजूद विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। राज्य सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को और सरल करने के उद्देश्य से बैंकों के साथ भी व्यापक स्तर पर समन्वय स्थापित कर स्व-सहायता समूहों के लिए पर्याप्त बैंक ऋण आसानी से उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में 20 सितंबर, 23 नवंबर 2020 और 8 जनवरी 2021 को मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण वितरित किया जा चुका है।

**ऑनलाइन प्रकरण स्वीकृत करने में मध्यप्रदेश देश में नंबर वन:** समूहों के बैंक ऋण प्रकरण सॉफ्टवेयर के जरिए प्रस्तुत करने के साथ सघन निगरानी एवं पारदर्शी प्रक्रिया बनाई गई है। वर्ष 2019-20 में समूहों का वार्षिक बैंक ऋण वितरण का लक्ष्य 500 करोड़ रुपए था। 31 मार्च 2020 तक कुल 302 करोड़ का वितरण 44 हजार से अधिक समूहों को किया गया था। वर्ष 2020-21 में समूहों का वार्षिक बैंक ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाकर 1400 करोड़ रुपए से अधिक किया गया है। इसमें से अभी तक 1215 करोड़ रुपए का वितरण 90 हजार से अधिक समूहों को किया जा चुका है। स्व-सहायता समूहों को ऑनलाइन प्रकरण प्रस्तुत करने एवं स्वीकृत करने में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। अब तक आजीविका मिशन के माध्यम से 36 लाख 53 हजार से अधिक ग्रामीण निर्धन परिवारों को 3 लाख 22 हजार से अधिक स्व-सहायता समूहों से जोड़कर 2616 करोड़ रुपए बैंक ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

## हुनर-हाट का भी करेंगे शुभारंभ

**भोपाल, (प्रसं)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार, आठ मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल हाट में राज्य स्तरीय हुनर-हाट का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री श्री चौहान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों को लगभग 200 करोड़ रुपए का बैंक ऋण भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशानुरूप अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को महिला प्रधान बनाने के लिए रूप रेखा तैयार की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला दिवस पर लग रहे हुनर-हाट का प्रत्येक दायित्व महिला संभालेंगी। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक कामयाब महिलाओं को मंचासीन किया जाएगा। हुनर-हाट का आयोजन सोमवार सुबह 10 बजे भोपाल हाट में होगा। इसी क्रम में दोपहर तीन बजे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में ग्रामीण स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन होगा। इसमें मुख्यमंत्री श्री चौहान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूह के सदस्यों को 200 करोड़ रुपए के बैंक ऋण वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान कुछ जिलों के समूह सदस्यों से वीसी के माध्यम से सीधा संवाद भी करेंगे।

# पॉलीथीन का उपयोग करने पर 8 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे, उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत श्रीमाल बाजार बाजना बस स्टैण्ड पर 2000, प्रवीण चमारिया नाका, मुख्तियार, शाहरूख पावर हाउस रोड व दो अन्य पर 250-250, मनोज बाजना बस स्टैण्ड व चमारिया नाका में एक अन्य पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते है, तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है, तो उस पर 5 हजार रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत लड्डे, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलवा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## अनुपस्थित 32 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 6 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 32 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। प्रसारण - 8

## बकाया वसूली शिविर आज पैलेस रोड पर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की लगाए जा रहे हैं। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिए आठ-नौ मार्च को पैलेस रोड तिराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिए 10 मार्च को चौगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिए 12 व 15 मार्च को शिक्षा विभाग सागर चबूतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिए 16-17 मार्च को चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिए 18-19 मार्च को बजाजखाना गणेश देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिए 20 व 22 मार्च को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिए 23-24 मार्च को दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिए 25-26 मार्च को स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिए 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा। नईदुनिया

## पैलेस रोड पर सोमवार से लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किए गए है, जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे।

प्रसारण-9

## मास्क नहीं पहनने पर सख्ती से वसूली जाएगी पेनल्टी

रतलाम। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्ती की जाएगी। मास्क का उपयोग नहीं करने पर सख्ती से पेनल्टी वसूली की जाएगी। कलेक्टर गोपालचंद डाड ने शनिवार को कोरोना को लेकर आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि कोरोना का खतरा बना हुआ है, बचने के लिए मास्क पहनना अत्यावश्यक है। महाराष्ट्र तथा अन्य राज्यों में संक्रमण तेजी से फैला है इसलिए रतलाम जिले में भी सावधानी बरतना बहुत जरूरी हो गई है। सभी राजस्व अधिकारी अपनी टीमों को सक्रिय करें, मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध पेनल्टी वसूल की जाए। कलेक्टर ने कहा कि यूएसए तथा यूके में 3 माह पूर्व कोरोना की नई स्ट्रेन आई थी जिसके प्रभाव से हमें बचना है। प्रसारण 8

## गेर निकलेगी या नहीं, शांति समिति की बैठक में आज हो सकता है निर्णय

रतलाम। महाशिवरात्रि, होलिका दहन, धुलेंडी तथा रंगपंचमी त्योहारों पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से शांति समिति की बैठक सोमवार शाम चार बजे बजे नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष महू रोड पर होगी।

बैठक में त्योहारों पर होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा होगी। मालूम हो कि गत वर्ष कोरोना के चलते रंगपंचमी पर निकलने वाले गेर निरस्त कर दी गई थी। शांति समिति की बैठक में इस मुद्दे पर निर्णय हो सकता है। कोरोना के नए स्ट्रेन के मरीज मिलने के बाद कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने धारा 144 में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर मास्क पहनना अनिवार्य किया है, वहीं सार्वजनिक आयोजनों की अनुमति लेना भी अनिवार्य किया गया है। नईदुनिया 1

# प्रदेश में जलप्रदाय सुनिश्चित करने सभी संसाधनों का उपयोग करें : भूपेंद्र सिंह

## किसी भी निकाय में केवल एक दिन छोड़कर पानी जरूर दिया जाए



**भोपाल ■ प्रशासनिक संवाददाता**

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के कारण पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखना विभाग की प्रथम प्राथमिकता है। निकाय क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निकाय के समस्त संसाधनों एवं जलस्त्रोतों का उपयोग किया जाए।

श्री सिंह ने कहा है कि प्रत्येक नगरीय निकाय में यह प्रयास किया जाना चाहिए कि प्रतिदिन जलप्रदाय हो, परंतु जल स्त्रोत आदि की समस्या को देखते हुए एक दिन छोड़कर भी जलप्रदाय सुनिश्चित करना पर्याप्त होगा। उन्होंने कहा है कि किसी भी नगरीय निकाय में एक दिन से अधिक छोड़कर जलप्रदाय करने की स्थिति नहीं होनी चाहिए। पेयजल परिवहन की स्थिति उत्पन्न होने पर चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्र में स्थित निकाय के समस्त जलस्त्रोतों जैसे बांध, जलाशय, नदी या नलकूप में उपलब्ध जल का उपयोग किया जाए। आवश्यकतानुसार इन जलस्त्रोतों को विद्यमान पेयजल व्यवस्था से पाईप लाईन इत्यादि के माध्यम से जोड़कर उपयोग किया जाए ताकि पानी का अपव्यय न हो। निकाय के जलस्त्रोतों में पानी समाप्त हो जाने की स्थिति में नगर में अथवा नगर के आसपास स्थित शासकीय अथवा निजी नलकूपों के अधिग्रहण के संबंध में जिला कलेक्टर के माध्यम से कार्यवाही की जाए।

**जलसंकट की स्थिति में टैंकरों से करें परिवहन:** इन सभी प्रयासों के बाद भी यदि जलसंकट की स्थिति उत्पन्न होती है तो पेयजल परिवहन का कार्य किया जाए। पेयजल परिवहन के लिए सर्वप्रथम निकाय के जलस्त्रोतों/ अधिग्रहित जलस्त्रोतों तथा निकाय के टैंकरों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निकाय की जलप्रदाय व्यवस्था सुचारू रखने के लिए अन्य कोई विकल्प न होने की स्थिति में निजी टैंकरों से परिवहन का कार्य किया जा सकेगा। निजी टैंकरों से पेयजल परिवहन करने की स्थिति उत्पन्न होने पर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को दी जाए। २।५ 8

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 05 दिनांक 08/03/2021

# 24 घंटे के अंदर करें शिकायतों का निराकरण

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर कलेक्टरों से की चर्चा

भोपाल, (प्रस)। नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में छोटी सी त्रुटि भी क्षम्य नहीं होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिए। श्री सिंह ने कहा कि सभी कलेक्टर नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर लें। उप सचिव अरुण परमार, उप सचिव अजीजा शरसार जफर, आईटी सलाहकार दीपक नेमा, एनआईसी के टेक्नीकल डायरेक्टर एके भटनागर ने निर्वाचन संबंधी विभिन्न बिंदुओं के बारे जानकारी दी। इस दौरान सचिव दुर्ग विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्वाचन प्रक्रिया में छोटी सी गलती भी नहीं होगी क्षम्य**

श्री सिंह ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति, नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए स्थान का चयन, आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी तथा वीडियो कैमरे की व्यवस्था, मतदान के गठन के लिए साफ्टवेयर में त्रुटिरहित एंट्री और जिला स्तर पर क्रय की जाने वाली सामग्री की खरीदी तुरंत करें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के संबंध प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के अंदर कर आयोग को सूचित करें। इसके लिए पृथक सेल की स्थापना तथा जांच दल का गठन करें। प्रशिक्षण के लिए 150 प्रतिशत तथा मतदान दल के लिऐ रिजर्व सहित 120 प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों की व्यवस्था करें। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के रेंडमाईजेशन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें।




भोपाल में राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की।

### कोविड गाइडलाइन का पालन हो

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित किया जाए। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री मध्यप्रदेश हेल्थ कार्पोरेशन द्वारा सीधे जिलों को दी जाएगी। सभी कलेक्टर आयोग द्वारा भेजे गये पत्रों एवं निर्देशों का अनिवार्य रूप से अध्ययन कर तदनुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी व्हाटस एप ग्रुप पर पोस्ट किए जा रहे मैसेज को प्रतिदिन जरूर देखें।

### मतदाता एक नजर में

नगरीय निकाय निर्वाचन में कुल मतदाता एक करोड़ 69 लाख 16 हजार 83 है, जिसमें से इनमें पुरुष मतदाता 86 लाख 81 हजार 912, महिला मतदाता 82 लाख 32 हजार 897, थर्ड जेंडर 1274 है। पंचायत निर्वाचन में कुल मतदाता 3 करोड़ 92 लाख 81 हजार 301 इनमें से पुरुष मतदाता 2 करोड़ 2 लाख 45 हजार 823, महिला मतदाता एक करोड़ 90 लाख 34 हजार 424 और थर्ड जेंडर 1054 है। २१५-८

# ...की राह होती है

## ...य परीक्षण कर सलाह दे रहे हैं विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ



आयोजन के तहत आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी ए. पी. सिंह आदि नागरिकों से आव्हान कर रहे है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने के प्रयासों में शामिल हो और फीडबैक के माध्यम से अपनी जानकारी सकारात्मक ढंग से दें।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधीजी ने भी कहा है कि हर आदमी को अपनी साफ - सफाई खुद करनी चाहिए, क्योंकि साफ सफाई तो देश भक्ति के समान है। अगर आप ईश्वर का आशीर्वाद पाने चाहते है तो मन की पवित्रता के साथ - साथ अपने घर और मोहल्ले की स्वच्छता भी अनिवार्य है। एक स्वच्छ शरीर अस्वच्छ शहर में वास नहीं कर सकता इसी सोच के साथ हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए स्वच्छता अभियान शुरु किया था।

उन्होंने कहा कि सामूहिक जीवन में सफाई आर्थिक सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। समाज के सर्वांगीण हित की दृष्टि से सफाई के बुनियादी तथ्यों तक पहुंचना बेहद जरुरी है। सबसे बड़ी सम्पत्ति आप की सेहत ही है। कहा भी जाता है कि स्वास्थ्य ही धन है और स्वास्थ्य है तो सबकुछ है। इसलिए इस [illegible] को प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त साफ - सफाई को नजर अंदाज [illegible] न कीजिए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–––पृष्ठ 02 दिनांक 08/03/2021

# स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवन

## - स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर में चल रहे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों में नागरिकों का स्वास्

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए सफाई बेहद जरूरी है। स्वस्थ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब पहले अपने आस-पास स्वच्छता का माहौल बनाया जाए। स्वच्छ जीवन ही स्वस्थ्य जीवन जीने की राह है। डॉक्टर भी अपने पास आ रहे मरीजों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर शहर के अनेक इलाकों में चल रहे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों में आने वाले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी विभिन्न रोग विशेषज्ञों के माध्यम से कराया जा रहा है। ये सभी चिकित्सा विशेषज्ञ महिला, पुरुष और बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण करने और उन्हें जरूरी दवाईयां मुहैया कराने के साथ ही अपने घर और आसपास की सफाई पर ध्यान देने की सीख दे रहे है।

शनिवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने शहर के आधा दर्जन कचरामुक्त स्थलों ■ स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों के दौरान स्वच्छता का संदेश देने वाले रंगोली का निर्माण कर आसपास के लोगों से दीपदान भी कराया है। स्वच्छता जागरुकता



संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार-प्रसारण---पृष्ठ 01 दिनांक 08/03/2021

# जुलवानिया में खाद बनकर तैयार, पैंकिग शुरु हुई

प्रसारण न्यूज • रतलाम



स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर के वार्डों को जीरो वेस्ट बनाने के प्रयास भी अब तेज होने लगे है। कचरा सेग्रीकेशन की कार्रवाई के चलते नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानियां टेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर यहां गीला कचरा निपटान की व्यवस्थाओं को देखा और स्वच्छ सर्वेक्षण में तैनात अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पाया गया कि यहां तैयार कम्पोज के तहत खाद की पैंकिंग शुरु हो चुकी है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशनुसार रतलाम नगर के वार्डों को जीरो वेस्ट बनाए जाने के तहत पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाना शुरु कर दिया गया है, वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। उक्त वार्डों के घरों से गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण किया जा रहा है। गीले कचरे का उपयोग खाद बनाने के लिए किया जा रहा है, वहीं सूखा कचरा रिंग पिकर्स महिलाओं के लिए रोजगार का साधन बना हुआ है। जीरो वेस्ट के लिए चयनित वार्डों में नगर निगम को बेहतर परिणाम मिलने लगे है। इस प्रक्रिया की जानकारी लेने के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया जुलवानिया पहुंचे और उन्होंने गीले कचरे को खाद के लिए उपयोगी बनाए जाने के लिए तैयार की गई खाद और इसकी पैकिंग की जानकारी ली। झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों के साथ कचरा निपटान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों से भी स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वार्डों में चल रहे कार्यों की सिलसिलेवार जानकारी ली।

इस मौके पर सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में रतलाम शहर ओ डी एफ प्लस-प्लस हो चुका है। इसी के चलते हमने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम को फाईव स्टार रैंकिंग के लिए अप्लाय किया है। इन्ही कार्रवाईयों के चलते पूरे शहर के हर घर से सेंग्रीकेटेड कचरा उठे, जिसकी जुलवानिया में सही तरीके से प्रोसेसिंग हो।

प्रसारण-8

# जुलवानिया में खाद बनकर तैयार, पैंकिग शुरू

## नगर निगम आयुक्त ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

रतलाम • स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के वार्डों को जीरों वेस्ट बनाने के प्रयास भी अब तेज होने लगे है। कचरा सैग्रीकेशन की कार्रवाई के चलते नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जुलवानियां ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर यहां गीला कचरा निपटान की व्यवस्थाओं को देखा और स्वच्छ सर्वेक्षण में तैनात अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पाया गया कि यहां तैयार कम्पोज के तहत खाद की पैकिंग शुरू हो चुकी है।

नगर के वार्डों को जीरो वेस्ट बनाए जाने के तहत पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाना शुरू कर दिया गया है, वहाँ स्वसहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। उक्त वार्डों के घरों से गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण किया जा रहा है। गीले कचरे का उपयोग खाद बनाने के लिए किया जा रहा है। वहीं सूखा कचरा रिंग पिकर्स महिलाओं के लिए रोजगार का साधन बना हुआ है। जीरों वेस्ट के लिए चयनित वार्डों में नगर निगम को बेहतर परिणाम मिलने लगे हैं। इस प्रक्रिया की जानकारी लेने के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया जुलवानिया पहुंचे और उन्होंने गीले कचरे को खाद के लिए उपयोगी बनाए जाने के लिए तैयार की गई खाद और इसकी पैंकिग की जानकारी ली।

श्री झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों के साथ कचरा निपटान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों से भी स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वार्डों में चल रहे कार्यों की सिलसिलेवार जानकारी ली।

इस मौके पर श्री झारिया ने बताया कि वर्तमान में रतलाम शहर ओडीएफ प्लस-प्लस हो चुका है। इसी के चलते हमने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम को फाईव स्टार रैंकिग के लिए अप्लाय किया है। इन्हीं कार्रवाईयों के चलते पूरे शहर के हर घर से सेंग्रीकेटेड कचरा उठे जिसकी जुलवानिया में सही तरीके से प्रोसेसिंग हो। इसी के साथ हर वार्ड में सड़कों, नालों, नालियों, बागीचों, सार्वजनिक आदि स्थलों की सफाई कार्य का सुपरविजन किया जा रहा है।

स्वदेश-8